एक नजर में

नागचून रोड पर प्रशासन ने हटाया अवैध निर्माण

खंडवा। शहर के नागचून रोड क्षेत्र में लंबे समय से अवरुद्ध पड़े मार्ग को खुलवाने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। रास्ता बंद होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ।

जानकारी के अनुसार नागचून रोड पर कुछ निर्माण कार्य और अवैध अतिक्रमण के कारण सार्वजनिक मार्ग संकरा हो गया था। स्थिति लगातार विवाद और यातायात अवरोध का कारण बन रही थी। शिकायत मिलने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सिंह स्वयं प्रशासनिक अमले, नगर निगम टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए। कुछ लोगों द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन प्रशासन ने समझाइश के साथ कार्रवाई जारी रखी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था।

प्रशासनिक टीम ने चिन्हित अतिक्रमण और अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्ग पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शहर में यातायात सुचारु रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। मार्ग खुलने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत महसूस की। लंबे समय से बंद रास्ता चालू होने से दैनिक आवागमन, स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और व्यापारियों को सुविधा मिलेगी।

भावांतर योजना अंतर्गत सरसों उत्पादक किसानों का पंजीयन प्रारंभ

खंडवा। भावांतर योजना के तहत रबी सरसों फसल का पंजीयन 26 फरवरी से प्रारंभ हो गया है। ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों का पंजीयन 20 मार्च 2026 तक किया जाएगा। जिले में गेहूं एवं चना पंजीयन केंद्रों की तरह सरसों फसल हेतु कुल 72 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

उप संचालक कृषि नीतेश यादव ने बताया कि किसान अपनी निकटतम सेवा सहकारी समिति में नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत, जनपद एवं तहसील कार्यालयों के सुविधा केंद्रों पर भी पंजीयन की व्यवस्था की गई है। एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र तथा निजी साइबर कैफे पर निर्धारित शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकता है।

पंजीयन के लिए किसानों को भूमि दस्तावेज, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समितियों में होगा। कृषि विभाग ने किसानों से अधिक से अधिक पंजीयन कर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कांग्रेस ने चलाया पोस्टकार्ड अभियान

खंडवा। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को गांधी भवन में पोस्टकार्ड अभियान चलाकर केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगा। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेजते हुए समझौते के संभावित प्रभावों को सार्वजनिक करने की मांग की।

जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि अभियान का उद्देश्य किसानों, छोटे व्यापारियों, वस्त्र उद्योग तथा डिजिटल डेटा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते में राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि सस्ते आयात से किसानों को फसलों के उचित दाम मिलने पर असर पड़ सकता है, वहीं विदेशी प्रतिस्पर्धा बढ़ने से स्थानीय उद्योगों और रोजगार पर दबाव की आशंका है। उन्होंने केंद्र सरकार से समझौते के लाभ और शर्तों को स्पष्ट रूप से जनता के सामने रखने की मांग की।

कांग्रेस ने इसे जनजागरण अभियान की शुरुआत बताते हुए कहा कि आगे भी इस विषय पर संवाद और जनसंपर्क कार्यक्रम जारी रहेंगे। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई समारोह संपन्न

मूंदी। संत सिंगाजी महाविद्यालय के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर शहजाद कुरेशी थे डॉक्टर कुरैशी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं आगे जाकर अपना भविष्य आप तय करें कि हमें क्या करना है डॉक्टर कुरैशी द्वारा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भगवत गीता की एक-एक प्रतिभेट की गई विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रभाकर साल्वे द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा विद्यालय छोड़ने के बाद भी अगर हमारे से कोई सेवा या मार्गदर्शन की जरूरत पड़े तो हम सहयोग प्रदान करेंगे कार्यक्रम में डॉक्टर दीपक साहू डॉक्टर अजय बामने डॉक्टर शितिका बरकले प्रोफेसर इदरिश अहमद प्रोफेसर जगदीश वर्मा व भगवती प्रसाद अहिरवार उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर प्रियंका सोलंकी ने किया आभार प्रदर्शन प्रोफेसर प्रियदर्शनी गेहलोत द्वारा किया गया

खंडवा आबकारी विभाग का मेगा ऑक्शन

नई आबकारी नीति लागू, 291 करोड़ के दांव पर 74 देशी-विदेशी शराब दुकानों का भविष्य

नवभारत न्यूज

खंडवा। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में नई आबकारी नीति 2026-27 के लागू होते ही शराब व्यापार के समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। जिला आबकारी विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों और समाचार रिपोर्टों के अनुसार, प्रशासन ने इस बार राजस्व प्राप्ति और दुकानों के संचालन में पारदर्शिता लाने के लिए एक कड़क रणनीति तैयार की है। नई नीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू जिले की कुल 74 देशी-विदेशी कंपोजिट दुकानों का पुनर्गठन है। पहले जहाँ ये दुकानें 20 समूहों में बंटी हुई थीं, वहीं अब इन्हें घटाकर मात्र 17 समूहों में सीमित कर दिया गया है। इस बदलाव के पीछे मुख्य उद्देश्य भौगोलिक निरंतरता को बनाए रखना है, ताकि आस-पास की दुकानें एक ही समूह का हिस्सा रहें और प्रबंधन में सुगमता हो।

वित्तीय दृष्टि से देखें तो शासन ने इस वर्ष के लिए अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। कुल 17 समूहों की नीलामी से 3 अरब के लगभग के राजस्व का अनुमान लगाया गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 48 करोड़



रुपये अधिक है। इस भारी-भरकम राजस्व को प्राप्त करने के लिए दुकानों का आरक्षित मूल्य काफी ऊंचा रखा गया है। उदाहरण के तौर पर, शहर के बॉम्बे बाजार समूह का आरक्षित मूल्य सबसे अधिक 34.54 करोड़ तय किया गया है, जबकि जसवाड़ी रोड समूह के लिए यह राशि 26.08 करोड़ और खालवा समूह के लिए 25.14 करोड़ निर्धारित की गई है।

नीलामी की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए ई-टेंडरिंग का सहारा लिया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी विकास मंडलोई के अनुसार, इस ई-नीलामी प्रक्रिया का प्रथम चरण 27 फरवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। इच्छुक ठेकेदारों को इसमें भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। प्रथम चरण में 6 ग्रुप के लिए निविदा जारी कर दी है है जिसमें 27 फरवरी से ही निविदा प्रपत्र भरने की शुरुआत हो जाएगी और 2 मार्च को दोपहर 2:00 बजे ई-निविदाएं खोली जाएंगी, शेष समूह के लिए प्रकिया जारी है। जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि अगले वित्तीय वर्ष के लिए इन समूहों का स्वामित्व किसके पास रहेगा। इस नई व्यवस्था में यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी एक समूह में दुकानों की संख्या 5 से अधिक न हो, जिससे एकाधिकार पर लगाम कसी जा सके।

मोतियाबिंद के 32 मरीजों की सर्जरी होगी इंदौर में

नवभारत न्यूज

खण्डवा। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना व छैगांवमाखन में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि शिविर में 88 मरीजों की आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चयनित इन मरीजों में से 32 को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए शंकरा आई सेंटर इन्दौर भेज दिया गया है। शेष मरीजों को जिला चिकित्सालय खण्डवा में ऑपरेशन की सलाह दी गई।

प्रमोशन के लिए 2 .05 लाख की घूस मांग रही महिला अफसर पकड़ाई

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले के खालवा में भ्रष्टाचार के विरुद्ध लोकायुक्त पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की संविदा पर्यवेक्षक अजिला मोहे (55) को पद का दुरुपयोग कर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी कार्रवाई इंदौर लोकायुक्त की टीम द्वारा गुरुवार को की गई।

भ्रष्टाचार का यह खेल तब उजागर हुआ जब ग्राम मोजवाड़ी की आंगनवाड़ी सहायिका सलिता पालवी ने अपनी पदोन्नति के लिए

आवेदन किया। सलिता पालवी वर्तमान में आंगनवाड़ी केंद्र-1 मोजवारी में पदस्थ हैं और उन्होंने केंद्र-3 में रिक्त कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन दिया था। आरोपी अधिकारी अजिला मोहे ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए सहायिका को कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नत करने के एवज में 2 लाख की मांग की थी। इसके अतिरिक्त, सहायिका के पद पर पूर्व में हुई नियुक्ति के नाम पर 5 हजार की अलग से मांग की गई थी।

इस प्रकार कुल 2,05,000 की भारी-भरकम घूस का सौदा तय किया गया था। परेशान होकर आवेदिका ने इसकी शिकायत इंदौर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक से की, जिसके बाद शिकायत की सत्यता की जांच कर जाल बिछाया गया। जैसे ही आरोपी पर्यवेक्षक ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5,000 की नकद राशि स्वीकार की, पहले से मुस्तैद लोकायुक्त टीम ने उन्हें खालवा क्षेत्र में रंगे हाथों दबोच लिया।

इस सफल ट्रैप ऑपरेशन को इंस्पेक्टर प्रतिभा तोमर और आशुतोष मिठास के नेतृत्व वाली टीम ने अंजाम दिया, जिसमें विजय कुमार, शिवप्रकाश पाराशर, कमलेश परिहार सहित कई आरक्षकों की सक्रिय भूमिका रही। फिलहाल आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सूचना का अधिकार अधिनियम संबंधी दिया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

खण्डवा। सूचना का अधिकार अधिनियम के सम्बंध में 2 दिवसीय प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र, खंडवा में दिया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारियों, सहायक लोक सूचना अधिकारियों एवं संबंधित शासकीय सेवकों को सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों, संशोधनों तथा नवीन तकनीकी माध्यमों की समग्र जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की मूल अवधारणा, आवेदन की प्रक्रिया एवं अपील का समय-सीमा में निराकरण, द्वितीय अपील

की प्रक्रिया, दंड प्रावधान, नवीन संशोधनों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। साथ ही 'सूचना का अधिकार' ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्ति, निस्तारण, रिकॉर्ड प्रबंधन एवं समयबद्ध जवाब सुनिश्चित करने की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री लोकेश कुमार शर्मा, प्रशिक्षक ई-दक्ष केंद्र एवं डॉ. प्रेमांश दुधे, सहायक प्राध्यापक, पी एम श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा अनिल चंदेल, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस, खंडवा द्वारा अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

संगठन की एकता ही कर्मचारी हितों की सबसे बड़ी ताकत : प्रवीण शर्मा

नवभारत न्यूज

खंडवा। एनएचडीसी लिमिटेड के ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में आयोजित कर्मचारी संगठन कार्यक्रम में जिला मंत्री प्रवीण शर्मा ने संगठनात्मक एकता, अनुशासन और सामूहिक शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही कर्मचारी हितों की सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि जब कर्मचारी सकारात्मक सोच, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हैं तो न केवल संस्थान की प्रगति सुनिश्चित होती है, बल्कि समाज में भी संस्थान की सकारात्मक छवि स्थापित होती है। श्री शर्मा ने पारस्परिक संवाद, सहयोग और संगठनात्मक प्रतिबद्धता को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए सभी कर्मचारियों से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संगठन के महामंत्री राधेश्याम वर्मा ने उपस्थित सदस्यों की जिज्ञासाओं का विस्तारपूर्वक समाधान किया। उन्होंने संगठन की कार्यप्रणाली, आगामी योजनाओं तथा कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर जानकारी देते हुए पारदर्शिता और संवाद की परंपरा को मजबूत करने पर बल दिया।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता जताई। यह आयोजन संगठनात्मक एकता, पारदर्शी नेतृत्व और सकारात्मक कार्यसंस्कृति का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया।

अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले के उभरते पहलवानों ने अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खंडवा का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया। 21 से 24 फरवरी तक जबलपुर में आयोजित प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बिना शासकीय सहायता और नियमित कोच के भी खिलाड़ी अपने गुरुओं

के मार्गदर्शन में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। मध्यप्रदेश केसरी स्व. हुकुमचंद यादव एवं रघुनाथ पांजरे की प्रेरणा से मंगल यादव, जगदीश पटेल, हीरालाल यादव, राजेंद्र पांजरे और ऋषि सोनकर द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे खंडवा कुश्ती का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है। बालिका वर्ग में भूमि वर्मा ने रजत तथा टिया कंठ और जयश्री वर्मा ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि मानवी यादव, भावना राठौड़ और कृतिका कुशवाहा ने कांस्य पदक हासिल किए। बालक वर्ग फ्री स्टाइल व ग्रीको रोमन शैली में भी खिलाड़ियों ने कई पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिले में इस सफलता से खेल प्रतिभाओं को नई प्रेरणा मिली है।

हैप्पी, सुपर और स्मार्ट सीडर के लिए आवेदन करें1 तक

खण्डवा 26 फरवरी 2026, ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर यंत्रों के आवेदन दिनांक 1 मार्च 2026 तक आमंत्रित किये गए हैं। सहायक कृषि यंत्री ने बताया कि हैप्पी सीडर, सुपर सीडर तथा स्मार्ट सीडर के लिए 4500-4500 रूपए राशि का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। इच्छुक किसान आवेदन के साथ निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम से बनवाकर जमा कर सकते हैं। धरोहर राशि के बिना आवेदन मान्य नहीं किया जायेगा। सहायक कृषि यंत्री ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि 1 मार्च 2026 से पूर्व ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सुविधा का लाभ उठाएं।

स्वयंभू चामुण्डा माता प्राचीन मंदिर, हर वर्ष बढ़ती है प्रतिमा की आस्था

खंडवा। पंधाना तहसील के ग्राम धनोरा में गंगराड़े समाज की कुलदेवी का अत्यंत प्राचीन और आस्था का केंद्र मंदिर स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार यहां माता स्वयंभू रूप में प्रकट हुई थीं। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि प्रारंभ में माता की प्रतिमा लगभग एक फीट ऊंचाई में जमीन से प्रकट हुई थी, जो समय के साथ निरंतर बढ़ती गई और आज विशाल स्वरूप धारण कर चुकी है। श्रद्धालुओं का मानना है कि प्रतिवर्ष प्रतिमा में सूक्ष्म परिवर्तन दिखाई देता है, जिसे वे माता की दिव्य लीला मानते हैं।

मंदिर में वर्षभर आठ से दस भंडारों का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक भंडारे में लगभग 1200 से 1500 श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करते हैं। भंडारे में हलवा, चना दाल की सब्जी, रोटी, दाल और चावल का भोग लगाकर वितरण किया जाता

है। भंडारे की सबसे अनोखी विशेषता यह है कि पूरे गांव की महिलाएं अपने-अपने घरों से बेलन और तख्ता लेकर मंदिर परिसर में एकत्रित होती हैं और सामूहिक रूप से रोटियां बनाती हैं। लगभग 1500 लोगों का भोजन गांव के महिला-पुरुष मिलकर स्वयं तैयार करते हैं। जिस दिन भंडारा होता है, उस दिन गांव में कोई भी व्यक्ति खेतों पर कार्य करने नहीं जाता, बल्कि सभी सेवा और भक्ति में जुट जाते हैं। यह परंपरा गांव की एकता और श्रद्धा का प्रतीक मानी जाती है।

आज मंदिर परिसर में ग्राम धनोरा निवासी झवर जी, दिनेश गुजर एवं ममता गुजर द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। गांव में धार्मिक वातावरण और भक्तिमय माहौल देखने को मिला।